पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
—————

राज्यपाल ने बलरामपुर में 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों को बांटी उपयोगी सामग्री की किट और पुस्तकें

बलरामपुर जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को राजभवन की तरफ से दी सुविधा–उपयोगी सामग्री

आंगनवाड़ी आकर्षक और आवश्यक संसाधन युक्त होना चाहिए

रिहाई के बाद परिवार के संवर्द्धन से जुड़े बंदी

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 30 सितम्बर, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद बलरामपुर भ्रमण के दौरान एम0एल0के0पी0जी0 कॉलेज, बलरामपुर मे आयोजित कार्यक्रम में 25 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु उपयोगी सामग्री की किट एवं पुस्तकों का वितरण किया, जिसमें थारू बहुल आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु किट राजभवन द्वारा उपलब्ध करायी गयी। प्रत्येक किट में लगभग 20 हजार रूपये की उपयोगी सामग्री प्रदान की गयी है।

इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी यानि बच्चे ही हमारे देश के भावी कर्णधार हैं। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों को आकर्षक और आवश्यक संसाधन से युक्त होना चाहिए।

हम सभी को आंगनवाड़ी केन्द्रों को मजबूती प्रदान करने में सहयोग देना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों और महिलाओं के विकास को दृष्टिगत रखकर प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों को आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने और वहाँ आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। विश्वविद्यालयों ने इस कार्य में बेहतर सायोग दिया है।

राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दायित्वों के निर्वहन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री पूरे गाँव के स्वास्थय कार्यक्रमों से जुड़ी रहती है। इस दृष्टि से वे पूरे गाँव की माँ की भूमिका में रहती हैं। उन्होंने सम्बोधन में क्षयरोग ग्रस्त बच्चों, सगर्भा माताओं और जननी के लिए उचित पोषण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर आशा, आंगनबाड़ी एवं ग्राम प्रधान गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, खान–पान में संतुलित आहार के प्रति जागरूकता सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने थारू समाज के 72 प्रतिनिधियों को वन पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के हिताग्रहियों को मदों का वितरण भी किया। समारोह में थारू समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। राज्यपाल जी ने कार्यक्रम उपरान्त कलवारी ग्राम स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर कार्यकर्ताओं, बच्चों और उनके माता–पिता से मुलाकात की तथा उपयोगी सामग्री की किट प्रदान की।

इसके पश्चात राज्यपाल महोदया ने जिला कारागार, बलरामपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार में निरूद्ध पुरूष एवं महिला बंदियों के उपयोग हेतु राजभवन की तरफ से सामग्री प्रदान की, जिससे महिला बंदियों के प्रयोगार्थ 04 सेट सिलाई मशीन पैडल के साथ, 01 वाटर प्यूरीफायर, 01 वाटर कूलर, 01 सैनेटरी पैड डिस्पोजल मशीन, 01 वाशिंग मशीन तथा 01 सेट इनवर्टर और बैट्री

को उपलब्ध कराया गया। जबकि पुरूष बंदियों के लिए 01 अदद वाटर कूलर तथा 06 अदद ओपेन जिम इक्विपमेंट उपलब्ध कराए गए।

राज्यपाल जी ने बंदियों से कहा एक बार जो गलती हो गई, उसकी सजा काटने के बाद पुनः दूसरी गलती न करें। उन्होंने कहा कि रिहाई के बाद अपने परिवार की प्रगति और संवर्द्धन से जुड़े, बदले की भावना मन में न रखें। राज्यपाल जी के साथ स्कूली बच्चों ने भी जेल का भ्रमण किया। बच्चों ने जेल में निरूद्ध बंदियों से हुई वार्ता के अनुभवों को राज्यपाल जी से साझा करते हुए कहा कि गैर सामाजिक कृत्यों से दूर रहना चाहिए, ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे जेल आना पड़े। राज्यपाल जी ने बच्चों को जेल भ्रमण से कानून–व्यवस्था की जानकारी प्राप्त होने और इस ज्ञान को अपने जीवन में उपयोगी रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण असीम अरुण, जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, तथा अन्य उपस्थित रहे।

————————

डा0 सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी/राजभवन /(272/42)

सम्पर्क सूत्र– 8318116361